|b09291 43jenseF (English)

|c09291_000_43jense.xml (Task 179127)

|v1

रविवार का प्रातःकालीन सत्र

|v2

जनरल सम्मेलन

|v3

रविवार का प्रातःकालीन सत्र

|v4

3 अक्टूबर 2010

|v5

पवित्र आत्मा और प्रकटीकरण

|v6

गवाही

|v7

पवित्र आत्मा

|v8

प्रकटीकरण

|v9

प्रार्थना

|v10

मॉरमन की पुस्तक

|v11

यीशु मसीह

|v12

जनरल सम्मेलन

|v13

पवित्र आत्मा और प्रकटीकरण

|v14

एल्डर जे ई. जेन्सन द्वारा

|v15

सत्तर की अध्यक्षता के

|v16

पवित्र आत्मा परमेश्वरत्व का तीसरा सदस्य है, और पिता और पुत्र के साथ, वह सारी बातें जानता है ।

|v17

एक युवा एल्डर के रूप में मेरे प्रचार कार्य में लगभग एक वर्ष बीत चुका था, और प्रकटीकरण और पवित्र आत्मा के विषय में धर्मशास्त्रों और अन्तिम-दिनों के प्रेरितों के शब्दों को पढ़ने से, मुझे प्रभावशाली जागृति मिली थी । मेरे पास स्वयं की गवाही नहीं थी, विशेषकर पिता और पुत्र की । मैं अपने मिशन पर अपने महान माता-पिता की गवाही के आधार पर गया था । कभी भी उनके शब्दों पर संदेह न करते हुए, मैंने अपनी स्वयं की आत्मिक साक्षी को प्राप्त करने के बारे में नहीं सोचा था । 1962
में, सैन एन्टोनियो, टेक्सास में, फरवरी की एक रात को, मैं जानता था कि मुझे इसका स्वयं अनुभव करना है । अपने छोटे से फ्लैट में मैंने एक स्थान खोज लिया जहां मैं एकान्त में बोलकर, याचना करते हुए प्रार्थना कर सकता था, ‘‘स्वर्गीय पिता, क्या आप हैं ? मुझे मेरे लिए जानना है !’’

|v18

उस रात कुछ समय के पश्चात अपने जीवन में पहली बार मैंने स्वयं के लिए जाना कि परमेश्वर और यीशु वास्तव में हैं । न तो मैंने किसी आवाज को सुना था और न ही किसी दिव्य व्यक्ति को देखा । मैं जानता था कि उसी तरह से आपने भी जाना होगा---जो कि “पवित्र आत्मा के अकथनीय उपहार”(देखें सि. और अनु. 121:26) और प्रकटीकरण की आत्मा (देखें सि. और अनु. 8:1–
3) द्वारा आई, मेरे मन को शान्ति प्रदान करते हुए (देखें सि. और अनु. 6:23) और मेरे हृदय को आश्वसन देते हुए (देखें अलमा 58:11) ।

|v19

उस अनुभव से मैंने अलमा की सलाह ‘‘सुनो, और अपनी आन्तरिक शक्तियों को जागृत करके [मेरी] बातों पर अनुसन्धान करो’’ (अलमा 32:27) के परिणामों की साक्षी दी है । ये शब्द या बीज पेड़ बन गए हैं, वास्तव में गवाही के विशाल वृक्ष । गवाही के और वृक्षों को देते हुए, यह प्रक्रिया शब्द पर आधारित अनुसन्धानों के साथ जारी रहती है, जो कि पवित्र आत्मा से और उसके द्वारा प्रकटीकरण पर आधारित अब सच में एक जंगल हो गया है ।

|v20

पवित्र आत्मा एक अभिलाषी उपहार है

|v21

जब उद्धारकर्ता ने अमेरिका का दौरा किया था, उसने बारह शिष्यों को नियुक्त किया । उनके और लोगों के लिए उसके संदेशों में से एक संदेश पवित्र आत्मा के विषय में था । उन्हें शिक्षा देने के पश्चात, उद्धारकर्ता चला गया और अगले दिन वापस आने की प्रतिज्ञा की । उसे सुनने के लिए लोगों ने पूरी रात मेहनत कर अधिक से अधिक लोगों को एकत्रित किया था ।

|v22

शिष्यों ने लोगों को 12
के दलों में वह सीखाने के लिए एकत्रित किया था जिसे उद्धारकर्ता ने उन्हें सीखाया था । उनकी शिक्षाओं में मुख्य शिक्षा पवित्र आत्मा के महत्व पर थी (देखें 3 नफी 11–18) । तब लोगों ने घुटने टेके और प्रार्थना की । उनकी हार्दिक इच्छा पवित्र आत्मा को प्राप्त करना था (देखें 3 नफी 19:8–9) ।

|v23

उद्धारकर्ता उनके समक्ष प्रकट हुआ और पवित्र आत्मा के महत्व पर जोर दिया जब उसने पिता से प्रार्थना कीः

|v24

‘‘हे पिता, मैं तुझे धन्यवाद देता हूं, क्योंकि तुमने इन लोगों को जिन्हें मैंने चुना है, पवित्र आत्मा दिया है; …

|v25

‘‘हे पिता, मैं तुमसे प्रार्थना करता हूं कि जितने भी लोग इनकी बातों पर विश्वास करें उन सभी को पवित्र आत्मा देना’’ (3 नफी 19:20–21) ।

|v26

मॉरमन की पुस्तक की इस घटना के आधार पर, मैं अच्छी तरह से समझ सकता हूं कि क्यों अध्यक्ष विलफर्ड वुडरफ ने कहा था कि ‘‘पवित्र आत्मा का उपहार महानत्तम उपहार है जिसे मनुष्य को दिया जा सकता है । …

|v27

''[यह] न तो पुरुषों तक, न ही प्रेरितों और भविष्यवक्ताओं तक सीमित है; यह प्रत्येक विश्वासी पुरुष और स्त्री को, और हर उस बच्चे को दिया जाता है जिसकी उम्र इतनी हो कि वह मसीह के सुसमाचार को प्राप्त कर सके'' (*Teachings of Presidents of the Church: Wilford Woodruff* (2004), 49)।

|v28

जरूरत के समय में प्रकटीकरण से उत्तर मिलता है

|v29

पवित्र आत्मा परमेश्वरत्व का तीसरा सदस्य है, और पिता और पुत्र के साथ, वह सारी बातें जानता है (देखें सि. और अनु. 35:19; 42:17)। उसकी कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं; उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण शिक्षा देना और पिता और पुत्र की गवाही देना है (देखें 3 नफी 28:11)। अन्य भूमिकाएं हैं कि वह सारी बातों की सच्चाई प्रकट करता है (देखें मरोनी 10:5) और अच्छाई करने के लिए मार्गदर्शन करता है (देखें सि. और अनु. 11:12)।

|v30

अध्यक्ष थॉमस एस. मॉनसन ने अच्छाई के प्रति मार्गदर्शन की इस महत्वपूर्ण भूमिका को उदाहरण द्वारा समझाते हैं। वह उद्धारकर्ता के उदाहरण का अनुसरण करते हैं, ''जो अच्छा करता फिरा'' (प्रेरितों के काम 10:38)। उन्होंने पवित्र आत्मा की आत्मिक फुसफुसाहटों की उपेक्षा न करने के महत्व को सीखाया है, किसी से भेंट करने और उसकी सेवा करने और किसी को बचाने के महत्व को सीखाया है।

|v31

परन्तु कभी-कभी जरूरत के समय में अध्यक्ष मॉनसन के समान कोई नहीं होता, न कोई घर-शिक्षक, न देखभाल करनेवाली कोई बहन उपलब्ध होती है। उन परिस्थितियों में मैंने पवित्र-आत्मा की अन्य भूमिका, सहायक से दिलासा और निर्देश प्राप्त किया है (देखें सि. और अनु. 36:2)।

|v32

हमारा पोता क्विंटन जन्म के कई विकारों के साथ पैदा हुआ था और एक वर्ष पूरा होने के तीन सप्ताह पहले तक ही जीवित रहा था, उस समय के दौरान उसे कई बार अस्पताल लाया ले जाया गया था। उस समय मैं और बहन जेन्सन अर्जेन्टिना में रह रहे थे। हम सच में अपने बच्चों के पास रहना चाहते थे ताकि उन्हें सांत्वना दे सकें और उनसे सांत्वना पा सकें। यह हमारा पोता था जिससे हमने प्रेम किया था और पास रहना चाहते थे। हम केवल प्रार्थना ही कर सकते थे, और हमने ऐसा बहुत उत्साह से किया था!

|v33

बहन जेन्सन और मैं मिशन यात्रा पर थे जब हमने सुना कि क्विंटन का निधन हो गया है। हम एक सभागृह के रास्ते में खड़े हो गए और एक-दूसरे को गले लगाया और दिलासा दी। मैं आपको साक्षी देता हूं कि वह आश्वासन हमारे पास पवित्र आत्मा से आया था, एक शान्ति जो सारी समझ से परे है और आज के दिन भी जारी है (देखें फिलिप्पियों 4:7)। हम हमारे बेटे-बहु और उनके बच्चों के जीवन में पवित्र आत्मा के अकथनीय उपहार की साक्षी भी देते हैं, जो आज तक उस समय के बारे में विश्वास, शान्ति, और दिलासा के साथ बात करते हैं।

|v34

## प्रकटीकरण और मॉरमन की पुस्तक

|v35

प्रकटीकरण के उसी उपहार ने मॉरमन की पुस्तक की मेरी गवाही को प्रभावित किया है । मैंने पढ़ा है, अध्ययन किया है, खोजा है, और उसे बार-बार ग्रहण किया है । पवित्र आत्मा ने इसकी सच्चाई और ईश्वरत्व को मुझ पर प्रकट किया है ।

|v36

अध्यक्ष गोर्डन बी. हिंकली मॉरमन की पुस्तक को गिरजाघर के चार आवश्यक कोने के पत्थरों में से एक बताते हैं, अन्य हैं जोसफ स्मिथ का पहला दिव्यदर्शन, पौरोहित्य की पुनःस्थापना, और निसंदेह मुख्य कोने के पत्थर, यीशु मसीह की हमारी गवाही (देखें इफिसियों 2:19–21) । उन्होंने समझाया था, ‘‘परमेश्वर द्वारा दिए गए ये चार महान उपहार, अटल कोने के पत्थर हैं जो कि अन्तिम-दिनों के सन्तों का यीशु मसीह का गिरजाघर, और व्यक्तिगत गवाहियों और उसके सदस्यों की धारणाओं को मजबूती देते हैं’’ (“Four Cornerstones of Faith,” लियाहोना, फरवरी 2004, 7) ।

|v37

परमेश्वर द्वारा दिए गए ये चार उपहार मेरे विश्वास और गवाही का आधार बने हैं, हर एक की पुष्टि मुझ पर पवित्र आत्मा के प्रकटीकरण से हुई है । फिर भी, कुछ समय के लिए मैं इन कोने के पत्थरों के उपहारों में से दो पर प्रकाश डालना चाहता हूं—
पहला दिव्यदर्शन और मॉरमन की पुस्तक पर । यह महत्वपूर्ण है कि दोनों की शुरूआत ऐसे पारिवारिक परिवेश में होती है जहां बच्चों का जन्म अच्छे माता-पिता से हुआ और जिनके द्वारा उन्हें अच्छी शिक्षा मिली (देखें 1 नफी 1:1) । लेही और जोसफ स्मिथ के जीवन की घटनाएं एक दूसरे के समान हैं (देखें 1 नफी 1 और जोसफ स्मिथ—इतिहास 1 ):

|v38

- 
- 

|v39

हर एक की विशिष्ट आवश्यकता है । लेही को स्वयं और अपने परिवार को यरूशलेम पर आनेवाले विनाश से बचाना था, और जोसफ स्मिथ को जानना था कि कौन सा गिरजाघर सच्चा है ।

|v40

- 
- 

|v41

प्रत्येक ने प्रार्थना की ।

|v42

•

•

|v43

प्रत्येक को पिता और पुत्र का दिव्यदर्शन प्राप्त हुआ ।

|v44

•

•

|v45

प्रत्येक को एक किताब दी गई ।

|v46

•

•

|v47

दोनों ने प्रचार किया ।

|v48

•

•

|v49

प्रत्येक ने पवित्र आत्मा से और दिव्यदर्शन या स्वप्नों द्वारा प्रकटीकरण प्राप्त किया ।

|v50

•

•

|v51

अंततः, दुष्ट लोगों ने उन्हें धमकी दी । लेही और उसके लोग पलायन कर गए और बच गए । जोसफ शहीद हो गए ।

|v52

क्या यह आश्चर्यजनक बात है कि प्रचारक कुछ सच्चे खोजकर्ताओं को मॉरमन की पुस्तक के 1
नफी के अध्ययन को आरंभ करने के लिए कहते हैं ? यह पुस्तक प्रभु की आत्मा से *सराबोर* है । प्रारंभ के इन अध्यायों में एक स्पष्ट संदेश है कि प्रक टीकरण और पवित्र आत्मा केवल भविष्यवक्ताओं को ही नहीं दिया जाता है बल्कि पिता और माता और बच्चों को भी दिया जाता है ।

|v53

पूरे मॉरमन की पुस्तक में प्रकटीकरण और पवित्र आत्मा के विषय में संदेश जारी रहते हैं । भविष्यवक्ता जोसफ स्मिथ द्वारा इन सच्चाइयों का संक्षिप्त रू प दिया गया हैः ''मॉरमन की पुस्तक और प्रकटीकरण को हटा दिया जाए, और हमारा धर्म कहां है ? हमारे पास कुछ भी नहीं है'' (*Teachings of Presidents of the Church: Joseph Smith* [2007], 196) ।

|v54

अन्तिम-दिनों के सन्तों के रूप में, मॉरमन की पुस्तक की हमारी गवाहियां हमें प्रकटीकरण द्वारा प्रदान की गई हैं, हमें सुनिश्चित करती हैं कि यह धर्म और इसके सिद्धान्त सच्चे हैं (मॉरमन की पुस्तक का परिचय देखें) ।

|v55

आत्मा की बातें पवित्र और व्यक्त करने में कठिन हैं । हम, आमोन के समान, घोषित करते हैं, ''सुनो, मैं तुम से कहता हूं, कि मैं जो कुछ अनुभव करता हूं उसके विषय में मैं न्यून से न्यून अंश भी नहीं कह सकता'' (अलमा 26:16) ।

|v56

फिर भी, मैं साक्षी देता हूं कि पवित्र आत्मा वास्तव में है और वह वसीयतकर्ता, प्रकटकर्ता, सहायक, निर्देशक, और अलौकिक शिक्षक है ।

|v57

विनम्रता से मैं साक्षी देता हूं कि यह सच्चा और जीवित गिरजाघर, यह धर्म, इन चार कोने के पत्थरों पर आधारित है । मैं गवाही देता हूं कि यीशु मसी ह वास्तव में मुख्य कोने का पत्थर है (देखें इफिसियों 2:19–21) । अध्यक्ष थॉमस एस. मॉनसन प्रभु के भविष्यवक्ता हैं और मेरे पीछे बैठे ये 15 लोग भविष्यवक्ता, दिव्यदर्शी, प्रेरित, और प्रकटकर्ता हैं । ये पवित्र पौरोहित्य और राज्य की कुंजियों के धारक हैं । मैं इनसे प्रेम, इनका सम्मान और स मर्थन करता हूं, यीशु मसीह के नाम में, आमीन ।

|v58

लियाहोना

|v59

नवंबर 2010